आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



बर्ष :12 अंक :297 पृष्ठ -4 दिनांक 25 अक्टूबर 2024 दिन शुक्रवार

# सीएम योगी का दिवाली पर बड़ा आदेश, UP में 28 अक्टूबर से 15 नबंम्बर 24 घंटे मिलेगी बिजली

## यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने त्योहारों पर माहौल खराब करने वालों के खिलाफ सख्त कदन उठाने के निर्देश

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे यह सुनिश्चित करें कि 28 अक्टूबर से 15 नवंबर तक राज्य में बिजली कटौती न हो. इस दौरान कई हिंदू त्योहार भी पड़ेंगे. मुख्यमंत्री ने संभागीय आयुक्तों, जिलाधिकारियों और पुलिस के शीर्ष अधिकारियों की उप. स्थिति में एक बैठक में यह आदेश जारी किया.मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, ष्खुशी और उत्सव के इस दौर में 28 अक्टूबर से 15 नवंबर तक पूरे प्रदेश में 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति सु. निश्चित की जानी चाहिए. पावर कॉरपोरेशन को इसके लिए आवश्यक तैयारियां करनी चाहिए.ष्मिलावट के



खिलाफ हो कार्रवाईश्सीएम ने कहा, ष्आपातकालीन स्वास्थ्य और ट्रॉमा सेवाएं बिना किसी रुकावट के जारी रहनी चाहिए. डॉक्टर सभी क्षेत्रों में आसानी से उपलब्ध होने चाहिए, चाहे वह गांव हों या शहर. उन्होंने ने खाद्य पदार्थों में मिलावट के खतरे पर भी ध्यान दिया जो त्योहारों के समय काफी बढ़ जाता है.

उन्होंने कहा, आगामी त्यौहारों को देखते हुए खाद्य सुरक्षा निरीक्षणों को तेज किया जाना चाहिए, लेकिन यह भी ध्यान रखा जाना चाहिए कि निरीक्षण के बहाने किसी को परेशान न किया जाए.पुलिस को अलर्ट रहने के निर्देश

मुख्यमंत्री ने परिवहन विभाग को ग्रामीण मार्गों पर बसों की संख्या बढ़ाने का भी आदेश दिया. उन्होंने कहा, खस्ता हालत बसों को सड़कों पर चलने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए.

सीएम योगी ने सख्त कानून–व्यवस्था, निरंतर संवाद और समाज के सभी वर्गों से सहयोग पर जोर दिया और पुलिस को चौबीसों घंटे हाई अलर्ट पर रहने का आदेश दिया

.इस मौके पर सीएम योगी ने कहा, चाहे रक्षाबंधन हो, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी हो, दुर्गा पूजा हो, दशहरा हो, श्रावणी मेले हो या ईद, बकरीद, बारावफात और मुहर्रम जैसे त्योहार हो, हर उत्सव के दौरान सकारात्मक माहौल बना रहता है. मजबूत टीम वर्क और जन सहयोग की यह भावना हमेशा बनी रहनी चाहिए.सोशल मीडिया पर रखें नजरश सीएम योगी ने कहा, ष्शांतिपूर्ण माहौल को बाधित करने का प्रयास करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाने चाहिए. उन्होंने सोशल मीडिया पर सतर्कता बढ़ाने के आदेश दिए और प्रत्येक जिले को इन मंचों पर लगातार निगरानी रखने के लिए एक टीम तैनात करने को कहा है.

### अमरोहा में स्कूल बस पर बाइक सवार बदमाशों ने की फायरिंग, घटना के बाद मचा हड़कंप

उत्तर प्रदेश के अमरोहा में तीन बाइक. सवार बदमाशों ने स्कूल की मिनी बस पर फायरिंग का मामला सामने आया है. आरोपियों ने बस के आगे बाइक लगाकर तमंचे से फायरिंग शुरू कर दी, घटना के बाद बस में स्कूली बच्चे भी सवार थे जिसके बाद चीख पुकार मच गई. बच्चे बुरी तरह डर गए थे. लेकिन, बस ड्राइवर ने समझदारी दिखाते हुए बस तेजी से भगा दी और सीधा थाने लेकर पहुंच गया. ये बीजेपी नेता के स्कूल की बस बताई जा रही है. घटना के बाद हड़कंप मच गया है. ये घटना के अम. रोहा के गजरौला थाना क्षेत्र की है. बताया जा शुक्रवार सुबह स्कूल बस ड्राइवर मॉन्टी बच्चों को स्कूल की ओर ला रहा था, तभी रास्ते में तीन बाइक सवार बदमाशों ने बस के आगे बाइक लगा और गाड़ी रोककर तमंचे से हमला किया, जिसके बाद मॉन्टी बस को लेकर तेजी से भागा, इस बस में 28 स्कूली बच्चे सवार थे. गनीमत ये रही कि किसी बच्चे को चोट नहीं आई है. मामले की जांच में जुटी पुलिस घटना की खबर मिलते ही पुलिस भी पहुंच गई, जिसके बाद आसपास के लोगों से पूछताछ की गई है. पुलिस के मुताबिक शुरुआती जांच में पता चला है कि बस ड्राइवर मॉन्टी का 21 अक्टूबर को स्थानीय युवकों से एक एक्सीडेंट को लेकर विवाद हो गया था इसलिए हमलावरों ने बदला लेने की नीयत से बस ड्राइवर पर हमला किया. लेकिन वो बस को लेकर थाने पहुंच गया. बस ड्राइवर मॉन्टी ने कहा कि सुबह 7.40 बजे वो बच्चों को बस में लेकर स्कूल की ओर आ रहा था. तभी बाइक सवार बदमाशों ने उसका पीछा किया. आरोपियों ने एक किमी की दूरी से ही उसका पीछा शुरू कर दिया था, जिसके बाद मौका देखते ही अपनी बाइक बस के आगे लगा दी और फायरिंग शुरू कर दी. घटना के समय बस में सवार छात्र छात्राएं इस घटना से बुरी तरह सहम गए हैं. सभी बच्चों को उनके परिजनों के हवाले कर दिया गया है. पुलिस ने शिकायत दर्ज कर ली है. आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस की टीमों का गठन कर दिया गया है. हमलवारों की तलाश में संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है.

## उत्तरकाशी में गरमाया मस्जिद विवाद, पुलिस लाठीचार्ज के बाद हिंदू संगठनों ने आज किया बंद का ऐलान

उत्तरकाशी में मस्जिद को लेकर शुरु हुआ विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है. गुरुवार को हिंदू संगठनों की ओर से जिला मुख्यालय में जनाक्रोश रैली पर हुए पुलिस के लाठीचार्ज और पथराव के बाद मामला और गरमा गया है. घटना से नाराज गंगाघाटी और यमुनाघाटी प्रांतीय उद्योग व्यापार संघ ने आज बंद का आह्वान किया है. इस दौरान सभी इकाइयों से अपने व्यापार मंडल के प्रतिष्ठानों को बंद रखने के कहा गया है. हिंदू संगठनों के आह्वान पर बुलाए गए बंद का असर भी सुबह से ही देखने को मिल रहा है. बाजार पूरी तरह से बंद है, जिसकी वजह से तीर्थयात्रियों को चाय और पानी तक उपलब्ध नहीं हो पा रहा है. सुबह के दौरान कुछ दुकानें खुली थी, जिन्हें हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने फिर से बंद करवा दिया. उत्तरकाशी के अलावा डुंडा बाजार को भी बंद रखा गया है.यमुनाघाटी में व्यापार मंडल की कुल 25 इकाइयां हैं, जबकि गंगा घाटी में भी 20 से ज्यादा नगर इकाई आती हैं. इन सभी सभी इकाइयों ने फैसला किया है कि आज बाजार में सभी दुकानें और व्यापार संस्थान पूर्णतः बंद रहेंगे. हिंदू जागृति सनातन संगठन आज भी बडक. ोट नगर क्षेत्र में प्रशासन के खिलाफ शांति पूर्ण रैली का ऐलान किया है. इसे लेकर जिला प्रशासन ने अनुमति दी है. हिंदू संगठन से जुड़े स्वामी दर्शन भारती भी उत्तरकाशी पहुंचे हैं.हिंदू संगठनों के ऐलान के बाद प्रशासन की ओर से कल से बीएनएस की धारा 163 लागू कर दी गई है. आदेश के तहत इस क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति को लाठी, डंडे या किसी धारदार वस्तुओं को लेकर चलने की मनाही है. किसी भी तरह की अव्यवस्था न हो इसके देखते हुए बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों को तैनात किया गया हैं. इसके साथ ही सोशल मीडिया पर भी नजर रखी जा रही है ताकि को भड़काऊ या अशांति फैलाने वाली पोस्ट शेयर न की जाए. क्या है पूरा मामला?बता दें कि उत्तरकाशी में पिछले कुछ दिनों से मुख्यालय के पास स्थित मस्जिद को लेकर विवाद बढ़ गया है. हिंदू संगठनों इस मस्जिद को अवैध बताते हुए विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं. इसे लेकर गुरुवार को संयुक्त सनातन धर्म रक्षक दल की ओर से जनाक्रोश रैली की गई थी. इस रैली को तमाम व्यापारियों ने अपना समर्थन दिया था. इसके बाद ये प्रदर्शन उग्र हो गया. हालात को देखते हुए पुलिस की ओर से हल्का बल प्रयोग किया गया था. इस लाठीचार्ज में कई प्रदर्शनकारियों समेत पुलिस के जवानों को भी चोट लगी है. जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने जनपदवासियों से शांति व्यवस्था को बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की है. उन्होंने कहा कि प्रदर्शनकारियों ने अनुमति की शर्तों, तय रुट प्लान तथा निषेधाज्ञा का उल्लंघन कर सिंगल तिराहे पर लगाये गए बैरिकेट्स को तोड़ दिए और भीड़ की ओर से पथराव भी किया गया, जिसके बाद पुलिस ने ये कार्रवाई की. पथराव करने वाले लोगों को चिन्हित किया जा रहा है

## दिल्ली के करोल बाग में व्यक्ति की चाकू से गोदकर हत्या , महिला मित्र से मोबाइल छीनने का किया था विरोध



दिल्ली के करोल बाग इलाके में झपटमारी को विरोध करने पर तीन दोस्तों ने एक शख्स की चाकू से घोंपकर हत्या कर दी. दिल्ली पुलिस के मुताबिक यह घटना बुधवार और गुरुवार की दरमियानी रात की है. वारदात के समय पीड़ित महिला मित्र के साथ एक रेस्तरां से अपने घर लौट रहा था.

दिल्ली पुलिस ने बताया कि यह घटना 23 अक्टूबर की रात को उस समय हुई जब मुकेश झा अपनी महिला मित्र के साथ एक रेस्तरां से खाना खाकर घर लौट रहा था. दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, ''हमें गुरुवार सुबह करोल बाग इलाके में नाईवाला चौक के पास चाकू मारने और फोन छीनने की घटना के बारे में सूचना मिली.'' मृतक ने झपटमारी का किया था विरोध दिल्ली पुलिस के अनुसार पुलिस की एक टीम मौके पर भेजी गई. पूछ. ताछ के दौरान पता चलाकि वे बीडनपुरा स्थित एक रेस्तरां से लौट रहे थे. जब वे सतभ्रावां स्कूल के पास पहुंचे तो पास में खड़े तीन लोगों ने उसकी महिला मित्र के हाथ से मोबाइल फोन छीनने की कोशिश की, लेकिन मुकेश ने इसका विरोध किया.मुकेश झा द्वारा मोबाइल फोन झपटमारी का विरोध करने पर बदमाशों के साथ उनकी हाथापाई हो गई. आरोपियों में से एक ने मुकेश को चाकू मार दिया और मोबाइल फोन छीनकर तीनों भाग गए.''मुकेश झा को गंभीर रूप से घायल अवस्था में सर गंगा राम अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया. मूल रूप से नेपाल निवासी मुकेश और पश्चिम दिल्ली के मोहन गार्डन में किराए के मकान पर रह रहा था.

मृतक की मित्र के बयान दर्ज करते हुए पुलिस ने करोलबाग पुलिस थाने में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है. फिलहाल, दिल्ली पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है.

## बरेली में जन्मा विचित्र बच्चा, अगले ही दिन मौतय डेढ़ वर्ष में इस तरह के तीन मामले

शीशगढ़ कस्बे के एक निजी अस्पताल में महिला ने ऐसे बच्चे को जन्म दिया, जिसे देखकर परिजन भी हैरत में पड़ गए। उसकी आंखें बड़ी बड़ी और पूरा शरीर सफेद था। त्वचा जगह–जगह फटी हुई थी। जन्म के अगले ही दिन उसकी मौत हो गई। बरेली के शीशगढ़ कस्बे के एक निजी अस्पताल में 19 अक्तूबर को कस्बे की महिला ने दुर्लभ आनुवांशिक विकार (हार्लेक्विन इक्थियोसिस) से ग्रसित बच्चे को जन्म दिया। सामान्य प्रसव से जन्मे बच्चे की अगले दिन शाम को दिल्ली में इलाज के दौरान मौत हो गई।बच्चे के पिता ने बताया कि पत्नी को प्रसव पीड़ा होने पर वह उसे कस्बे के निजी अस्पताल ले गए थे। 19 अक्तूबर को सुबह नौ बजे पत्नी ने एक विचित्र बच्चे को जन्म दिया। उसकी आंखें बड़ी–बड़ी थीं। शरीर पूरी तरह सफेद था। त्वचा भी जगह–जगह से फटी हुई थी। जन्म से ही मुंह में दांत थे। वह तरह–तरह की आवाजें निकाल रहा था। बच्चे को देखकर परिजन हैरत में पड़ गए। डॉक्टर ने बताया कि ऐसे बच्चों को हार्लेक्विन बेबी कहा जाता है। उन्होंने उसे दिल्ली ले जाने की सलाह दी। तुरंत ही परिजन बच्चे को लेकर एम्स दिल्ली के लिए रवाना हो गए। अगले दिन शाम को करीब आठ बजे बच्चे की मौत हो गई। शीशगढ़ लौटकर परि. जनों ने बच्चे के शव को दफना दिया।



विचित्र बच्चे के जन्म को लेकर कस्बे में तरह–तरह की चर्चाएं होती रहीं।डेढ़ वर्ष में तीन मामलेजिले में डेढ़ वर्ष में इस तरह के तीन मामले सामने आ चुके हैं। जून 2023 में राजेंद्रनगर स्थित निजी अस्पताल में हार्लेक्विन बेबी का जन्म हुआ था। सितंबर 2023 में बहेड़ी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पर इसी तरह का बच्चा जन्मा था। बीमारी का कारगर इलाज नहीं डॉक्टरों के मुता. बिक यह विकार माता–पिता से नवजात को ऑटोसोमल रिसेसिव पैटर्न से मिलता है, जो जीन के उत्परिवर्तन से होता है। शरीर में प्रोटीन और म्यूकस मेंब्रेन की गैर–मौजूदगी की वजह से बच्चे की ऐसी हालत हो जाती है। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. कर्मेंद्र ने बताया कि इस बीमारी में बच्चे के शरीर में तेल बनाने वाली ग्रंथियां न होने से त्वचा फटने लगती है। इस तरह के बहुत कम मामले ही सामने आते हैं। अक्सर जन्म के दौरान या कुछ घंटों बाद ही बच्चे की मौत हो जाती है। जो बच जाते हैं, उनके भी ज्यादा दिन तक जीवित रहने की संभावना बेहद कम होती है, क्योंकि इसका कोई कारगर इलाज नहीं है।

## सहारनपुर में अनाज से भरी मालगाड़ी के दो डिब्बे पटरी से . उतरे, मेरठ में भी हुआ हादसा




उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में पंजाब से बामनहेड़ी जा रही मालगाड़ी बड़े हादसे का शिकार होने से बच गई। पंजाब से अनाज लेकर निकली मालगाड़ी के दो डिब्बे सहारनपुर रेलवे स्टेशन के पास पटरी से उतर गए।पंजाब से बामनहेड़ी जा रही मालगाड़ी के दो डिब्बे पटरी से उतर गए। मालगाड़ी में अनाज भरा हुआ है। पता लगते ही अम्बाला से डीआरएम समेत आला अफसर सहारनपुर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। कई ट्रेनों को अन्य प्लेटफार्म से निकाला गया।पंजाब के फिरोजपुर से अनाज लेकर निकली थी मालगाड़ीघटना सुबह करीब छह बजे की है। मालगाड़ी पंजाब में फिरोजपुर के गुरुहरसहाय से अनाज लेकर निकली थी। सुबह जब वह सहारनपुर रेलवे स्टेशन के पास पहुंची तो मालगाड़ी के 28 व 29 नंबर के दो डिब्बे बेपटरी हो गए। जबकि आगे के डिब्बों को काटकर रवाना किया। रेलवे विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंच गए है। बेपटरी डिब्बों के उतरने का कारण तलाश रहे हैं।रेलवे विभाग ने हादसे की जांच शुरू कर दी है। सहारनपुर रेलवे के अधिकारियों अंबाला में अपने अधिकारियों को इसकी सूचना दी। डीआरएम मनदीप सिंह भाटिया सहारनपुर पहुंचे। जो जांच कर रहे हैं।मेरठ में सिटी स्टेशन के पास मालगाड़ी के दो डब्बे पटरी से उतरे, रेल संचालन बाधितमेरठ सिटी स्टेशन के पास रोहता रोड ओवर ब्रिज के नीचे शंटिंग के दौरान मालगाड़ी के दो डब्बे पटरी से उतरे। डब्बे पटरी से उतरने के कारण अपलाइन पर ट्रेनों का संचालन बाधित हो गया है तमाम ट्रेनों को डाउन लाइन से निकाला जा रहा है हादसे के बाद रेलवे अधिकारी मौके पर पहुंच रहे हैं। दिल्ली से सहारनपुर की ओर जाने वाली ट्रेनों को डाउनलाइन लाइन से निकाला जा रहा है।

# नौकरी लगवाने वाला, हटाने वाले से बड़ा, बस मार्शल्स को लेकर CM आतिशी की LG को जवाबी चिट्ठी

## BJP को बस मार्शल्स के सामने झुकना पड़ा. एक साल पहले केंद्र के कहने पर 10000 से ज्यादा बस मार्शल्स को नौकरी से हटा दिया.



दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने बस मार्शल्स के मुद्दे पर उपराज्यपाल वीके सक्सेना को जवाबी चिट्ठी लिखी है. इसमें उन्होंने कहा कि आपने एक साल पहले बीजेपी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के कहने पर 10000 से ज्यादा बस मार्शल्स को नौकरी से हटा दिया. नौकरी लगवाने वाला, नौकरी से हटाने वाले से बड़ा होता है. अरविंद केजरीवाल ने इन हजारों लड़के–लड़कियों की नौ. करी लगवायी है.सीएम आतिशी ने कहा है, श्मुझे इस बात की खुशी है कि भारतीय जनता पार्टी को बस मार्शल्स के सामने झुकना पड़ा. आपने एक साल पहले बीजेपी की केंद्र सरकार के कहने पर 10000 से ज्यादा बस मार्शल्स को नौकरी से हटा दिया. पिछले एक साल से यह बस मार्शल सड़कों पर संघर्ष कर रहे हैं. आम आदमी पार्टी के मंत्री और विधायक इस संघर्ष में कंधे से कंधा मिलाकर उनके साथ खड़े रहे और आज इस संघर्ष के आगे बीजेपी को झुकना पड़ा और उनको वापस नौकरी पर रखना पड़ा.श्बीजेपी वाले गरीबों से नफरत करते हैं– CM आतिशीदिल्ली की मुख्यमंत्री ने आगे लिखा, श्बीजेपी वाले गरीबों से नफरत करते हैं. आपको जान कर अचंभा होगा कि गुजरात इकलौता राज्य है, जहां पुलिस में भी संविदा पर युवाओं को भर्ती किया जाता है. इस नफरत का प्रमाण हम दिल्ली में देख सकते हैं, जहां बीजेपी वालों के इशारे पर महिला आयोग में काम करने वाली एसिड अटैक पीड़िताओं को नौकरी से निकाला गया.हजारों कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारियों को परेशान किया गया– आतिशीउन्होंने कहा, श्अस्पतालों के OPD काउंटर्स से डेटा एंट्री ऑपरेटर्स को निकाला गया, दिल्ली जल बोर्ड के कॉट्रैक्ट लेबर को हटाया गया, दिल्ली के सरकारी स्क. लों के आईटी असिस्टेंट्स को 6 महीने से तनख्वाह नहीं मिली. इस तरह हजारों कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारियों को परेशान किया जाता है. मुख्यमंत्री ने यह भी कहा है, "LG साहब, नौकरी लग. वाने वाला, नौकरी से हटाने वाले से बड़ा होता है. अरविंद केजरीवाल ने इन हजारों लड़के लड़कियों की नौकरी लगवायी है. भारतीय जनता पार्टी वाले अगर इन्हें नौकरी से हटाने की कोशिश करेगी, तो केजरीवाल संघर्ष करके उनको वापस नौकरी दिलायेंगे.

## ऑटो शोरूम से चोरीरू पुराना नौकर निकला चोर, साथी संग मिलकर 14 लाख का माल उड़ायाय पुलिस ने दबोचा



गोवर्धन चौराहा स्थित माया ऑटो शोरूम से हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। चोर कोई और नहीं बल्कि शोरूम का पुराना कर्मचारी ही निकली। उसने साथी के साथ मिलकर शोरूम से 14 लाख रुपये का माल उड़ाया था। मथुरा के थाना हाईवे क्षेत्र के गोवर्धन चौराहा स्थित माया ऑटो शोरूम में 21 सितंबर की रात को चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने बुधवार को माल समेत गिरफ्तार कर लिया। जबकि उसके साथी की तलाश है। पुलिस ने ऑटो शोरूम से चोरी हुए ऑटो और 14 लाख रुपये कीमत के ऑटो पार्ट्स भी बरामद कर लिए हैं।सीसीटीवी में कैद हुआ था आरोपी आसपास की सीसीटीवी फुटेज खंगाली तो दो युवक ऑटो में ऑटो पार्ट्स ले जाते हुए दिखाई दिए। सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से पुलिस ने चोर की पहचान कर ली। थाना प्रभारी निरीक्षक आनंद कुमार शाही ने बताया कि चोर शोरूम में पांच साल पहले नौ. करी करने वाला खामनी निवासी महावीर सिंह निकला। उसने अपने एक साथी के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने उसे बुधवार रात को रोमेक्स स्कूल के पास से गिरफ्तार कर लिया।शोरूम से हुई थी 14 लाख की चोरी 21 सितंबर को थाना हाइवे में गुरुकृपा कॉलोनी निवासी रमेश चंद वर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके पुत्र अशोक कुमार के ऑटो शोरूम का ताला तोड़कर चोर एक ऑटो और 14 लाख रुपये के ऑटो पार्ट्स चोरी कर ले गए हैं। घटना के समय उनका पुत्र अशोक कुमार बेंगलुरु गया था और शोरूम की जिम्मेदारी मैनेजर निरंजन के पास थी। 21 सितंबर को वह ताला लगाकर गए, लेकिन सुबह आए तो ताले टूटे हुए थे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी।

## अहोई अष्टमी के दिन इस कुंड में स्नान करने से होती है सारी मनोकामनाएं पूर्ण, लाखों की संख्या में यहां आते हैं श्रद्धालु



मथुरा में एक ऐसा कुंड मौजूद है जहां रात के 12 बजे स्नान करने पर सारी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती हैं। अगर अहोई अष्टमी के दिन इस कुंड में एक साथ स्नान करते हैं तो राधा रानी स्वयं दंपति को जल रूप में संतान प्राप्ति का आशीर्वाद देती हैं।भारत आस्था, परंपरा और मान्यताओं का देश है। देशभर में कई ऐसे मंदिर और कुंड हैं इतिहास और रहस्य लोगों को अपनी तरफ आकर्षित करता है। ऐसे ही उत्तर प्रदेश के मथुरा में एक कुंड मौजूद है जहां रात के 12 बजे स्नान करने से सारी मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं। इस जगह दो कुंड हैं एक कृष्ण कुंड और दूसरा राधा कुंड। स कुंड में स्नान करने से पूर्ण होती हैं सारी मनोकामनाएं अहोई अष्टमी के दिन जो भी दंपति राधा कुंड में साथ में स्नान करते हैं, उनको संतान की प्राप्ति होती है। कहा जाता है कि राधा रानी स्वयं दंपति को जल रूप में संतान प्राप्ति का आशीर्वाद देती हैं। इसलिए इस दिन लाखों की संख्या में लोग इस कुंड में स्नान करने आते हैं। क्यों रखते हैं अहोई अष्टमी का व्रत अहोई अष्टमी माओं द्वारा संतान की लम्बी आयु, सुरक्षा और उनके सुखी जीवन के लिए किया जाता है। इस दिन माताएं निर्जला व्रत करती हैं और अहोई अष्टमी पर स्याही माता और अहोई माता की पूजा का विधान हैं। अगर किसी महिला के बच्चे नहीं हो रहे तो ऐसे में वह भी ये व्रत करती हैं। पूरे दिन निर्जला व्रत रखने के बाद रात को तारे देखकर ये व्रत तोड़ते हैं। अहोई अष्टमी पर कांसे के लोटे का उपयोग अर्घ्य बिल्कुल नहीं देना चाहिए। इस व्रत की पूजा में पहले इस्तेमाल हुई पूजा सामग्री का प्रयोग दोबारा नहीं करना चाहिए। इस दिन प्याज और लहसुन भी खाने पर मनाही है। अहोईअष्टमी व्रत केदौरान महिलाओं को दिन में सोना नहीं चाहिए और बुजुर्गों का अनादर करने से बचना चाहिए।ऐसा करने से जीवन में बनीरहेगी खुशहाली अहोई अष्टमी के दिन घर में तुलसी का पौधा जरूर लगाना चाहिए। रोज विधि–विधान से पूजन करने पर संतान का जीवन खुशहाल रहता है। इसके अलावा अहोई अष्टमी के दिन आप जो भी भोजन बनाएं उसमें से एक हिस्सा गाय के लिए निकाल दें। बाद में भोजन गाय के बछड़े को खिला दें।

## पीएम मोदी ने की जर्मन चांसलर स्कोल्ज से मुलाकात, अहम विषयों पर हुई चर्चा



भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज जर्मनी के चांसलर ओलाफ स्कोल्ज से मुलाकात की। जर्मन चांसलर तीन दिवसीय दौरे पर भारत आए हैं। इसी वजह से पीएम मोदी ब्रिक्स शिखर सम्मेलन को एक दिन पहले ही छोड़कर भारत आ गए, क्योंकि उनकी जर्मन चां. सलर से मुलाकात भी पहले से ही तय थी। स्कोल्ज ने पीएम मोदी के आवास पर आज सुबह उनसे मुलाकात की।पीएम मोदी और स्कोल्ज ने रक्षा, व्यापार और स्वच्छ ऊर्जा जैसे अहम विषयों पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने सुरक्षा, रक्षा सहयोग, प्रतिभाशील लोगों के फायदे के लिए ज्यादा अवसर, गहन आर्थिक सहयोग, हरित और सतत विकास साझेदारी और उभरती और रणनीतिक तकनीक के क्षेत्र में सहयोग पर भी चर्चा की। दोनों देशों के बीच व्यापारिक साझेदारी में मजबूती पर भी पीएम मोदी आने स्कोल्ज से चर्चा की। पीएम मोदी ने स्कोल्ज से अपनी मुलाकात के बारे में सोशल मीडिया पर भी पोस्ट किया और बताया कि स्कोल्ज से मिलकर और विभिन्न अहम विषयों पर चर्चा करके उन्हें खुशी हुई। पीएम मोदी ने बताया कि इस बातचीत और अहम विषयांह पर चर्चा से भारत और जर्मनी की दोस्ती को और मजबूती मिलेगी। पीएम मोदी ने बताया कि दोनों देशों के पास विकासात्मक सहयोग का एक मजबूत ट्रैक रिकॉर्ड है और आने वाले समय में वह इसे और बेहतर बनाने की उम्मीद करते हैं।पीएम मोदी और जर्मन चांसलर स्कोल्ज ने मुलाकात के बाद एक साथ 18वें जर्मन बिजनेस 2024 के एशिया–प्रशांत सम्मेलन 2024 का उद्घाटन किया। इस अवसर पर पीएम मोदी ने मौजूद लोगों को संबोधित भी किया।

## सैफई परिवार के दामाद अनुजेश यादव ने भाजपा से किया नामांकन, मैनपुरी कलक्ट्रेट पहुंचे



मैनपुरी की करहल विधानसभा के उपचुनाव के लिए भा. जपा से अनुजेश यादव ने कलक्ट्रेट पहुंचकर नामांकन किया। साथ में उनकी मां पूर्व विधायक उर्मिला यादव और भाजपा के तीन कद्दावर मंत्री नजर आए। मैनपुरी की करहल विधानसभा से उपचुनाव का मुक. ाबला कड़ा होने जा रहा है। बराबरी की टक्कर इसलिए भी मानी जा रही है क्योंकि सैफई परिवार के भतीजे तेज प्रताप यादव के सामने उनके फूफा अनुजेश यादव भाजपा से चुनाव मैदान में हैं। अनुजेश यादव शुक्रवार को नामांकन करने कलक्ट्रेट पहुंचे। जैसा अंदाजा लगाया जा रहा था कि उनके नामांकन में सैफई परिवार से कोई आ सकता है, वो भ्रम टूट गया। अनुजेश के साथ आईं उनकी मां अनुजेश यादव जब नामांकन करने पहुंचे तो उनके साथ मां पूर्व विधायक उर्मिला यादव थीं। उनके अलावा समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह , क्षेत्रीय उपाध्यक्ष दुर्विजय शाक्य, मंत्री अजीत पाल भी नामांकन के समय कलक्ट्रेट पहुंचे। इस दौरान पूर्व विधायक उर्मिला यादव ने कहा कि रिश्ते नहीं, पार्टी ऊपर होती है। राजनीति किसी की बापौती नहीं है, समय बदलता रहता है। वहीं नामांकन के बाद अनुजेश यादव ने कहा करहल से विधायक बने तो घिरोर विधानसभा का फिर से गठन करेंगे। इस दौरान पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा सैफई परिवार के मान्य पक्ष से हैं, प्रत्याशी की बड़ी जीत होगी।

## डॉक्टरों के खेल में बीमार बच्ची की मौत. दो की सेवाएं समाप्त, दो निलंबित

बदायूं के राजकीय मेडिकल कॉलेज में दस साल की बच्ची की इलाज के अभाव में मौत का मामला दूसरे दिन शासन तक पहुंच गया। इसके बाद जिम्मेदारों को अपनी–अपनी कुर्सी हिलती दिखाई दी। लिहाजा आनन–फानन तीन सदस्यीय कमेटी गठित की गई। चंद घंटों में जांच पूरी कर ली गई। शाम तक दो डॉक्टरों को बर्खास्त व दो को निलंबित कर दिया गया।बदायूं के राजकीय मेडिकल कॉलेज में इलाज के अभाव में बुधवार को हुई दस साल की बच्ची की मौत के मामले में बड़ी कार्रवाई हुई। जांच रिपोर्ट के बाद प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार ने दो संविदा डॉक्टरों की सेवाएं समाप्त कर दी हैं। वहीं, दो पूर्णकालिक डॉक्टरों को निलंबित किया गया है। मूसाझाग क्षेत्र के गांव थलिया नगला निवासी नाजिम की बेटी सूफिया के गले में संक्रमण हो गया था। वह बच्ची को लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचा था। तीन डॉक्टरों के कक्षों में जाने के बाद भी बच्ची को इलाज नहीं मिल पाया था और उसकी मौत हो गई थी। आरोप लगाया था कि डॉक्टर खेल प्रतियोगिता में व्यस्त थे। मामला शासन तक पहुंचा तो तीन सदस्यीय कमेटी गठित की गई। कमेटी की ओर से सौंपी गई जांच रिपोर्ट के मुताबिक ईएनटी के विभागाध्यक्ष डॉ. शलभ, इसी विभाग की डॉ. दिव्यांशी मौके पर नहीं थीं। लिहाजा दोनों की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक शर्मा व डॉ. इमरान को भी लापरवाही में निलंबित किया गया है।बृहस्पतिवार सुबह जब यह शासन तक पहुंचा तो जिम्मेदारों को तलाशा जाने लगा। शाम को मुख्यमंत्री की बैठक होनी थी। प्रशासनिक अधिकारियों को लग रहा था कि सीधे मुख्यमंत्री इस बारे में पूछ सकते हैं। लिहाजा तीन सदस्यीय कमेटी ने सात–आठ घंटे में ही जांच पूरी कर ली। प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार से लेकर अन्य डॉक्टर जो बुधवार को पूरे दिनघटना से अंजान बने रहे बृहस्पतिवार को कुर्सी हिलती देख घटना को कबूल करने लगे। अपने कक्ष में नहीं थे चारों डॉक्टर बच्ची के माता–पिता के यहां जाकर उनसे बात की गई।



घटना के समय के सीसीटीवी खंगाले गए। स्टाफ के बयान लिए गए। रजिस्टर पर मरीजों के पंजीकरण का समय देखा गया। इसमें साफ हो गया कि घटना के दौरान चारों डॉक्टर अपने कक्ष में नहीं थे। इसके बाद देर शाम दो डॉक्टरों को बर्खास्त कर व दो को निलंबित कर शासन को रिपोर्ट भेज दी गई। तब अधिकारियों ने राहत की सांस ली। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार ने बताया कि बच्ची की मौत के मामले में जांच के लिए कमेटी गठित की गई है। जांच रिपोर्ट आने के बाद दो डॉक्टरों को बर्खास्त कर दिया गया है, जबकि दो पर निलंबन की कार्रवाई की गई है।

# अलीगढ़ में सपा ने बढ़ाई बीजेपी की मुश्किलें, पार्टी का ये दांव दलित और जाट वोट बैंक में लगाएगा सेंध!



अलीगढ़ में भारतीय जनता पार्टी को मात देने के लिए समाजवादी पार्टी ने बड़ा विक्टिम कार्ड खेल दिया है. सपा ने बीजेपी के पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तेजवीर सिंह गुड्डू की पुत्रवधू चारु कैन को खैर में टिकट दिया है. बीजेपी ने खैर सीट से पूर्व सांसद स्वर्गीय राजवीर दिलेर के पुत्र सुरेंद्र दिलेर को प्रत्याशी बनाया है. चारु कैन ने चंद दिनों पहले ही कांग्रेस की सदस्य ली थी. उससे पहले चारु कैन ने बहुजन समाज पार्टी से चुनाव भी लड़ा था. बहुजन समाज पार्टी के वोटो पर चारु कैन का अच्छा दबदबा है. चारु कैन एससी समुदाय से आती है लेकिन उनके पति जाट समुदाय से है जिसके चलते जाट समुदाय और एससी समुदाय का मत मिलने के आसार राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का केंद्र बने हुए हैं. खैर विधानसभा उपचुनाव से पहले बसपा को झटका देने वाली चारू कैन 2022 में खैर विधानसभा से चुनाव लड़ चुकी है. यूपी के उपचुनावों को लेकर उन्होंने 5 अक्टूबर को बसपा छोड़ कांग्रेस का हाथ थाम लिया था.2022 विस चुनाव में मिलें थे इतने वोट नई दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा ने उन्हें सदस्यता दिलाई थी. सियासी दावपेच की अगर बात कही जाए तो, सियासी गलियारों का उन्हें अच्छा अनुभव है. यही कारण है कि 2022 के विधानसभा चुनाव में चारू कैन को 65,302 मत मिले थे. खैर विधानसभा क्षेत्र को रालोद का गढ़ माना जाता है. यहां भाजपा प्रत्याशी अनूप प्रधान ने चुनाव में 138517 वोट पाकर जीत हासिल की थी. यहां पर रालोद के प्रत्याशी भगवती प्रसाद सूर्यवंशी 41,644 मत पाकर तीसरे नंबर पर थे. पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तेजवीर सिंह गुड्डू की पुत्रवधू चारू कैन के कांग्रेस में शामिल हुई थी लेकिन अब समाजवादी पार्टी ने चारु कैन को प्रत्याशी बनाया है. जिसके बाद सियासी गलियारों में हलचल पैदा हो गई है.

# भाजपा की सदस्यता न लेने पर विधायक . ने की अभद्रता, गनर ने पीटा



भाजपा की सदस्यता न लेने पर विधायक ने अभद्रता की। युवक ने यूपीएनआईसी जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है। विधायक ने कहा कि यह सभी आरोप झूठे और बेब. ुनीयद हैं।गांव कैमावली निवासी एक युवक ने विधायक राजकुमार सहयोगी पर जबरन भाजपा की सदस्यता दिलाने का विरोध करने पर अभद्रता करने का आरोप लगाया है। साथ ही कहा है कि उनके गनर ने उसे पीटा। विधायक ने आरोपों को झूठा बताया है।गांव कैमावली निवासी युवक शैलेंद्र सिंह ने इस संबंध में अपने बयान का एक वीडियो भी प्रसा. रित किया है। शैलेंद्र ने कहा कि पुरानी तहसील रोड स्थित बाजार में विधायक राजकुमार सहयोगी अपने गनर के साथ दुकानदारों पर जबरन भाजपा की सदस्यता लेने का दबाव बना रहे थे। उन्होंने इसका विरोध किया तो विधायक ने उनके साथ अभद्रता की और जेल में सड़ाने की धमकी दी। उनके गनर ने उसे पीटा भी। इस संबंध में कार्रवाई की मांग करते हुए शैलेंद्र ने शिकायत यूपीएनआईसी के जनसुनवाई पोर्टल पर दर्ज कराई है।आरोप झूठा बेबुनियाद है, जहां की घटना बताई जा रही है, वहां पर लगे सीसीटीवी के फुटेज निकलवाकर जांच की जाएगी तो दूध का दूध, पानी का पानी हो जाएगा।– रा. जकुमार सहयोगी, भाजपा विधायक इगलास–मेरे संज्ञान में ऐसी कोई घटना नहीं हैं, यदि कोई शिकायत मिलती है तो जांच करके विधिक कार्रवाई की जाएगी।– राजीव द्विवेदी, सीओ इगलास

# आयुर्वेद दवा बनाने की फैक्टरी पर छापा, सीज कराई



कस्बा मेंडू स्थित उत्कर्ष आयुर्वेद फैक. टरी पर बृहस्पतिवार की शाम को अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिवनारायण शर्मा और उपजिलाधिकारी सदर नीरज शर्मा ने छापा मारा। फैक्टरी का संचालन बिना मानकों का पालन किए हो रहा था। लिहाजा एडीएम ने फैक्टरी को सीज करा दिया।एक शिकायत पर मेंडू स्थित उत्कर्ष आयुर्वेद फैक्टरी पर एडीएम और एसडीएम पुलिस बल के साथ पहुंचे। अधिकारियों ने फैक्टरी में मौजूद लोगों से दस्तावेज मांगे, लेकिन वह दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा सके। एडीएम न्यायिक ने बताया कि जानकारी करने पर पता चला कि इस फैक्टरी को 14 अक्तूबर को लाइसेंस मिला है, जबकि मौके पर उपलब्ध माल को देखकर प्रतीत हो रहा है कि फैक. टरी का संचालन कई महीनों से हो रहा है। यहां तक कि मौके पर कोई भी फार्मासिस्ट मौजूद नहीं था और न ही दवाएं बनाने के लिए कोई रोस्टर उपलब्ध था। यहां तक कि फैक्टरी के भवन में भी मानकों की अनदेखी पाई गई। इस आधार पर फैक्टरी को सीज करा दिया गया। एडीएम ने बताया कि फैक्टरी में मानकों की जांच आयुर्वेद अधिकारी के माध्यम से कराई जाएगी।

# अलीगढ़ के 500 गांवों में घर-घर से उठेगा कूड़ा

शहर की भांति अब ग्रामीण इलाकों में भी डोर–टू–डोर कूड़ा कलेक्शन का काम होगा। इससे ग्राम पंचायतों में जगह–जगह फैली गंदगी से छुटकारा मिलेगा। गांव में स्वच्छता के जरिए परिवेश स्वस्थ और माहौल बेहतर होगा। इसके लिए पंचायत राज विभाग ने पूरी तैयारी कर ली। हर दिन 70 हजार घरों से सफाई कर्मी कूड़ा एकत्रित कर कचरा घर पर डालेंगे। इसके लिए ग्रामीणों को हर दिन एक रुपये का भुगतान ग्राम पंचायत को करना होगा। जिसकी रसीद हर माह पंचायत ग्रामीणों को उपलब्ध कराएगा। फिलहाल 500 गांवों में यह व्यवस्था एक साथ शुरू की जानी है। दिवाली के बाद से कूड़ा कलेक्शन होने लगेगा। पंचायत राज विभाग के स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना के तहत अभी तक 81 ग्राम पंचायतों से कूड़ा कलेक्शन किया जा रहा था। जिसमें बेहतर परिणाम के साथ ही ग्रामीणों की बढ़ती रूचि को देखते हुए विभाग ने 500 ग्राम पंचायतों में डोर टू–डोर कूड़ा कलेक्शन का खाका तैयार किया है। विभाग ने दिवाली पर ग्रामीणों को मात्र एक रुपये हर दिन में स्वच्छता का तोहफा दिया है। ग्राम पंचायतों में तैनात सफाई कर्मचारी हर दिन ई–रिक्शा से हर घर पर सुबह के समय दस्तक देंगे।

### किसान बन्धु आलू, गेंहू व सरसों में वै. ज्ञानित संस्तुति के आधार पर ही उर्वरकों का करें प्रयोग

अलीगढ़ जिला कृषि अधिकारी धीरेन्द्र कुमार चौधरी ने अवगत कराया है कि जिले में रबी सीजन में गेहूँ, आलू व सरसों की खेती व्यापक पैमाने पर की जाती है। फसलों के उत्पादन में उर्दरकों का महत्वपूर्ण योगदान है। किसान बन्धु फसलों में आवश्यकतानुसार संतुलित उर्वरकों का प्रयोग करें। गेंहूँ फसल में मुख्य पोषक तत्वों में 60 किलोग्राम नाइट्रोजन, 24 किलोग्राम फास्फोरस एवं 16 किलोग्राम पोटेशियम प्रति एकड़ की आवश्यकता होती है। इसके लिए कृषक बच्धु वैज्ञानिक संस्तुति के अनुसार प्रति एकड़ 50 किलो डीएपी उर्वरक का प्रयोग करें। इसी प्रकार से आलू फसल में मुख्य पोषक तत्वों में 72 किलोग्राम नाइट्रोजन, 32 किलोग्राम फास्फोरस एवं 40 किलोग्राम पोटेशियम प्रति एकड़ की आवश्यकता होती है। इसके लिए कृषक बन्धु वैज्ञानिक संस्तुति के अनुसार प्रति एकड़ 75 किलोग्राम डीएपी उर्वरक का प्रयोग करें। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार सरसों की फसल में मुख्य पोषक तत्वों में 48 किलोग्राम नाइट्रोजन, 24 किलोग्राम फास्फोरस एवं 24 किलोग्राम पोटैशियम प्रति एकड़ की आवश्यकता होती है। इसके लिए कृषक बन्धु वै. ज्ञानिक संस्तुति के अनुसार प्रति एकड़ 50 किलोग्राम डीएपी उर्वरक का प्रयोग करें। इसके अलावा कृषक बन्धु सरसों की फसल में 16 किलोग्राम प्रति एकड़ की दर से सल्फर का प्रयोग अवश्य करें। सल्फर के प्रयोग से सरसों फसल के दानों में तेल की मात्रा बढती है एवं गुण्रवत्तायुक्त उत्पादन प्राप्त होता है। जिले में रबी की उपरोक्त तीन ही फसलें गेंहूँ, आलू एवं सरसों ही मुख्य है। उन्होंने किसान बच्धुओं से आव्हान किया कि वह उर्वरकों का सही समय, सही जगह एवं संतुलित मात्रा में प्रयोग करें। उपर्युक्त वैज्ञानिक तथ्यों को फसल उत्पादन प्रक्रिया में ना लागू करने से फसल उत्पादन की लागत बढती है। मृदा, जल एवं वायु प्रदूषण की समस्या भी उत्पन होती है। उर्वरकों के असंतु. लित प्रयोग से मृदा में आवश्यक पोषक तत्वों का उपयोग दक्षता कम होती है, फसलों द्वारा मृदा से पोषक तत्वों का ग्रहण पूरी तरह से नहीं होता एवं आवश्यक पोषक तत्वों की जल के साथ अधिक निकासी हो जाने के कारण फसलों के उत्पादन में कमी आती है। उन्होंने कहा कि किसान बन्धु प्रति वर्ष अधिक मात्रा में डीएपी का प्रयोग करते जा रहे हैं और मानना है कि डीएपी का प्रभाव फसलों पर प्रति वर्ष कम होता जा रहा है, जबकि वास्तविकता यह है कि मृदा में पोषक तत्वाों को ग्रहण करने के लिये आवश्यक जीवांश कार्बन की मात्रा कम हो रही है, जिससे कि मृदा पोषक तत्वों को पौधों के लिए घुलनशील रूप में उपलब्ध नहीं करा पा रही है। कृषक बन्धु ऐसा समझते हैं कि उर्वरक जैसे डीएपी का अत्यधिक प्रयोग करने पर मृदा की उत्पादकता बढती है जबकि निर्धारित संस्तुति से अधिक प्रयोग करने पर आवश्यक पोषक तत्व सिंचाई जल के साथ बहकर व्यर्थ हो जाते है जिससे कृषकों का धन एवं श्रम दोनों अधिक लगता है। ऐसे में कृषक बन्धुओं से अनुरोध है कि उपरोक्त निर्धारित उर्वरक विशेषकर डीएपी का अत्यधिक प्रयोग न करें, पृथक से पोटाश खरीदने पर अत्यधिक व्यय न हो इसके लिए एनपीके उर्वरक का संतुलित मात्रा में प्रयोग करें।

### संपत्ति के विवाद में भाइयों ने छोटे भाई की ले ली जान, बंटवारे में बेदखल होने का बदला



खैर कोतवाली क्षेत्र के गांव काशिशो में एक पिता द्वारा अपने दो बेटों को जायदाद से बेदखल करने पर दोनों भाइयों ने अपने साले के साथ मिलकर अपने 35 वर्षीय भाई के सीने में गोली मारकर उसकी हत्या कर दी, जिससे रिश्ता तार–तार हो गया। शुक्रवार की सुबह जैसे ही संपति बंटवारे को लेकर चल रहे विवाद के चलते सगे भाइयों द्वारा छोटे भाई की गोली मारकर हत्या करने की खबर मिली तो पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। मौके पर क्षेत्र के थानाध्यक्ष समेत पुलिस के आला अधिकारी फोरेंसिक टीम के साथ पहुंचे और जांच शुरू कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने लहूलुहान हालत में जमीन पर पड़े युवक के शव को कब्जे में लेकर पा. ेस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया। पीड़ित परिवार की ओर से तहरीर मिलने के बाद पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई करते हुए हत्या करने वाले भाईयों और उनके साले की तलाश कर रही है जो हत्या करके मौके से फरार हो गए। मिली जानकारी के अनुसार मामला कोतवाली खैर क्षेत्र के कशिशो गांव का है, जहां शुक्रवार की सुबह ग्रामीणों में उस समय अफरा–तफरी और भगदड़ मच गई, जब एक पिता द्वारा अपने दो बेटों को संपति से बेदखल करने के बाद चार भाइयों के बीच चल रहे संपत्ति बं. टवारे के विवाद में दो सगे भाइयों ने अपने साले के साथ मिलकर अपने छोटे भाई की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक युवक की बहन की मानें तो पिता द्वारा संपत्ति से बेदखल किए गए सबसे बड़े और चौथे भाई ने जबरन खेतों पर कब्जा कर लिया थागुरुवार को जब उसका पिता अपने खेत की जुताई करने खेतों पर पहुंचा तो दोनों बेटे खेत की जुताई कर रहे थे। उन्होंने पिता को जुताई करने से रोका और मारपीट की। इसके बाद शुक्रवार को संपति विवाद के चलते तीसरे और चौथे भाइयों ने अपने 35 वर्षीय सगे भाई की गोली मारकर हत्या कर दी। छोटे भाई की गोली मारकर हत्या करने के बाद दोनों हत्यारे भाई साले के साथ मौके से फरार हो गए। खेतों में छोटे भाई की गोली मारकर हत्या किए जाने की सूचना मिलते ही ग्रामीणों के साथ ही मृतक युवक के परिवार में चीख–पुकार और अफरातफरी मच गई। सूचना मिलने पर मृतक युवक के परिजन मौके पर पहुंचे जहां उसका खून से लथपथ शव खेतों में पड़ा था। पुलिस को दो भाइयों द्वारा अपने छोटे भाई की गोली मारकर हत्या करने की सूचना दी गई। क्षेत्राधिकारी खैर वरुण कुमार सिंह ने घटना के बारे में बताया कि मामला कोतवाली खैर क्षेत्र ु के गांव कशिशो का है जहां थाना खैर क्षेत्र के गांव कशिशो में करीब 35 वर्षीय युवक कृष्ण भारद्वाज की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हत्या के आरोपी दोनों भाई हैं।भाइयों के बीच संपति बं. टवारे को लेकर विवाद चल रहा था। वहीं उसके चार बेटों में से दो को उसके पिता ने जमीन जायदाद और संपत्ति से बेदखल कर दिया था। संपत्ति से बेदखल किए गए उन दो बेटों विजय शर्मा और राधा कृष्ण द्वारा हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया है। वहीं परिजनों ने बताया कि इस हत्या में उनके जीजा का भी हाथ है। मृतक युवक के परिजनों की ओर से तहरीर मिलने पर थाने पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

# मुस्लिम से हिंदू बने युवक की जान बचाने की गुहार, मिली गर्दन काटने की धमकी



रोरावर थाना क्षेत्र के गांव तलासपुर खुर्द का है जहां का रहने वाला सलमान उर्फ संतोष जो कि पहले एक मुस्लिम था लेकिन अब उसने सनातन धर्म अपना लिया है और हिंदू बन गया है। 2 साल पहले इसी बात को लेकर गांव के कुछ दूसरे समुदाय के कट्टरपंथी ला. ेगों ने युवक की चुटिया भी काट दी थी और काफी मारपीट भी की थी। अभी 8 अक्टूबर को युवक व उसकी पत्नी के साथ घर में घुसकर जमकर मारपीट की गई और कपड़े भी फाड़ दिए गए, जिसकी शिकायत युवक ने थाने पर की लेकिन अपराधियों के खिलाफ कोई कार. ेवाई नहीं हुई प्रार्थी युवक सलमान उर्फ संतोष ने अब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपनी जान की सुरक्षा की मांग की है और इन कट्टरप. ंथियों पर कड़ी से कड़ी कार्यूनी कार्रवाई व जेल भेजने की मांग की है। युवक ने कहा है यह लोग मेरी कभी भी हत्या कर सकते हैं या करवा सकते हैं।यह पहले से अपराधी हैं और उन पर कई मुकदमे दर्ज हैं। इनका एक भाई रेहान कल ही जेल से छूट के आया है और आते ही मुझको धमकियां दे रहा है। बोल रहा है तुझे जान से खत्म कर दूंगा। और दोबारा हिंदू से मुसलमान बनने का दबाव बनाया जा रहा है। युवक का कहना है कि मैने सनातन धर्म को स्व. ीकार किया है जिसके बाद कट्टरपंथी मेरे ऊपर दबाव बना रहे हैं।

## किशोरी से दुष्कर्म में युवक को 10 साल की सजा

थाना छर्रा क्षेत्र में किशोरी से दुष्कर्म के मामले में अदालत ने युवक को दोषी करार देते हुए 10 साल की सजा सुनाई है। एडीजे पॉक्सो द्वितीय प्रदीप कुमार राम की अदालत ने 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। पूरी रकम पीड़िता को बतौर क्षतिपूर्ति देने के लिए कहा गया है।

# इंडियन फूड की दीवानी हैं कमला हैरिस, आप भी घर पर कर सकते हैं ट्राई




संयुक्त राज्य अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस किसी न किसी वजह से अक्सर सुर्खियों में बनी रहती है. वह पहली अफ्रीकी–अमेरिकी महिला होने के अलावा, वह भारतीय मूल की भी हैं. इन दिनों वह अपनी पसंदीदा खाने को लेकर सुर्खियों में छाई हुई हैं. अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने अपने पसंदीदा इंडियन फूड के बारे में खुलकर बात की है. उन्होंने कहा है कि उन्हें इडली और सांभर काफी ज्यादा पसंद है. आगे कहती हैं कि यह उनका पसंदीदा साउथ इंडियन ब्रेकफास्ट है. चावल के साथ उन्हें इस तरह के स्वादिष्ट दाल खाना बहुत अच्छा लगता है. इंडियन खाने को लेकर कमला हैरिस का प्यार उनके इंडियन ऑरिजिन को दर्शाता है. कामला हैरिस को यह इंडियन फूड है बेहद पसंदकमला हैरिस का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें उनसे पूछा जा रहा है उनका फेवरेट इंडियन फूड क्या है? इस पर वह जवाब देती हैं कि उन्हें साउथ इंडियन खाना काफी ज्यादा पसंद है. इडली के साथ टेस्टी सांबर, और नॉर्थ इंडियन खानें किसी भी तरह का टिक्का होगा. आपकी जानकारी के लिए बता दें कि कामला हैरिस खाना बनाना बेहद पसंद है. कैंपेन के दौरान उनकी मेंटल हेल्थ अच्छी रहे इसलिए वह हर सुबह उठकर एक्सरसाइज करती हैं. अपने बच्चों के साथ टाइम स्पेंड करती हैं. इन सब के अलावा उन्हें वक्त मिल गया तो वह अपनी फैमिली के लिए खाना भी बनाती है. इस आर्टिकल के जरिए आपके साथ पसंदीदा साउथ इंडियन सांबर रेसिपी शेयर कर रही हूं, जिसे आप घर पर भी बना सकते हैं. बस आपको स्टेप–बाय–स्टेप फॉलो करना है. इस आसान विधि से स्वादिष्ट, पौष्टिक और सेहतमंद साउथ इंडियन सब्जी–दाल स्टू बनाएं. इडली, डोसा, मेदु वड़ा, उत्तपम जैसे स्नैक्स के साथ सांबर का मजा लें या इसे चावल के साथ खाकर एक आरामदायक, पौष्टिक और पेट भरने वाला भोजन बनाए.सांबर एक दक्षिण भारतीय दाल और सब्जी का स्टू है जिसे कबूतर की दाल, इमली और एक अनोखे मसाले के मिश्रण से बनाया जाता है जिसे सांबर पाउडर कहा जाता है. यह दक्षिण भारतीय घरों में एक मुख्य व्यंजन है और यह कई लोगों द्वारा समान रूप से लोकप्रिय और पसंद किया जाता है. एक बुनियादी सांबर रेसिपी में दाल, इमली, सांबर पाउडर और कुछ मसालों के साथ एक या दो प्रकार की सब्जियों का मिश्रण होगा.घर पर ऐसे बनाएं सांबरएक अच्छा सांबर पाउडर हमेशा एक अच्छा और स्वादिष्ट सांबर देता है. इसलिए जब आप इसे बनाते हैं. तो एक अच्छा सुगंधित सांबर पाउडर रखने की कोशिश करें. आप अपने पसंदीदा ब्रांड के सांबर पाउडर का भी उपयोग कर सकते हैं. आप एक परफेक्ट स्वाद के लिए सांबर पाउडर का इस्तेमाल कर सकते हैं. यह प्रोटीन से भरपूर होने के साथ–साथ पौष्टिक भी है और साथ ही इसमें विटामिन, मिनरल आदि जैसे अन्य पोषक तत्व भी होते हैं क्योंकि यह दाल और सब्जियां दोनों से बनता है. चावल या इडली के साथ परो.सा जाने वाला सांभर एक संपूर्ण भोजन बन जाता है.

आमतौर पर इस रेसिपी से सांभर बनाती हूँ क्योंकि यह एक आसान तरीका है. जहां दाल और सब्जियां दोनों को अच्छी तरह से पकाया जाता है. इसलिए आपको आधी पकी हुई दाल या नरम सब्जियां नहीं मिलेंगी. यह सांभर बनाने की एक आसान विधि भी है. मैं आमतौर पर नीचे दी गई सूची में से सब्जियों का मिश्रण या सांभर में सिर्फ एक सब्जी मिलाती हूं. इस सांभर रेसिपी में मैंने सहजन, भिंडी, कद्दू, गाजर, बैंगन, फ्रेंच बीन्स और छोटे प्याज (शलोट या मोती प्याज) डाले हैं.

## बलिया की ये मिठाई आपके त्योहारों को बनाएगी और भी खास, कला और स्वाद का है परफेक्ट कॉम्बो

दीवाली भारत का सबसे प्रिय और रंग–बिरंगा त्योहार है, जो हर जगह उत्सव की रोशनी और मिठास फैलाता है. इस खास अवसर पर, मिठाइयां बनाना और बांटना एक महत्वपूर्ण परंपरा है, जो हमारे रिश्तों को और भी मजबूत बनाता है. ऐसे में बलिया की मशहूर खजूली मिठाई एक बेहतरीन विकल्प है, जो न केवल स्वाद में लाजवाब है, बल्कि इसकी खासियत यह है कि यह लंबे समय तक खराब नहीं होती. इस दीवाली, बलिया की खजूली के साथ अपने त्योहार को और भी खास बनाएं और अपने प्रियजनों के साथ मिठास बांटने का आनंद लें.बलिया की मिठाइयों में खजूली एक अनोखी मिठाई है, जो मैदा और गुड़ से बनाई जाती है. ये न केवल स्वादिष्ट होती है, बल्कि लंबे समय तक खराब भी नहीं होती. यही कारण है कि इसकी मांग केवल बलिया ही नहीं, बल्कि गुजरात, मुंबई, असम और दिल्ली जैसे दूर–दराज के राज्यों में भी है.बलिया के माल गोदाम चौराहे पर संजय कुमार गुप्ता की दुकान पर पिछले 35 सालों से खजूली मिठाई तैयार की जा रही है. संजय कुमार का कहना है कि समय के साथ इस मिठाई की गुणवत्ता और स्वाद में निरंतरता बनाए रखी गई है. सस्ते दामों में बेची जाने वाली ये मिठाई (120 प्रति किलो) स्थानीय लोगों के साथ–साथ बाहरी ग्राहकों के बीच भी लोकप्रिय है.खजूली मिठाई की बनाने की प्रक्रिया सरल लेकिन कलात्मक है. सबसे पहले, मैदा को अच्छे से गूंथा जाता है और उसकी पतली परतें बनाई जाती हैं. इन परतों को तेल में तला जाता है, जिससे वे फूल जाती हैं. फिर इन तले हुए परतों को गुड़ की चाशनी में डुबोकर मिठाई तैयार की जाती है. ये प्रक्रिया न केवल मिठाई के स्वाद को बढ़ाती है, बल्कि इसे लंबे समय तक ताजा भी बनाए रखती है.खजूली मिठाई केवल एक मिठाई नहीं है, बल्कि ये बलिया की सांस्कृतिक पहचान का भी प्रतीक है. इसे बनाते समय स्थानीय परंपराओं और तकनीकों का सम्मान किया जाता है. संजय कुमार की दुकान पर स्थानीय लोग अपनीपारिवारिक समारोहों और त्यो. हारों पर इस मिठाई को खरीदते हैं, जिससे ये मिठाई परिवारों के बीच एक सामाजिक जुड़ाव का भी कारण बनती है.यदि आप इस विशेष मिठाई का अनुभव करना चाहते हैं, तो बलिया के रेलवे स्टेशन से NH 31 पर स्थित माल गोदाम चौराहे के पास संजय कुमार गुप्ता की दुकान पर अवश्य जाएं. यहां की खजूली मिठाई बलिया की मिठाई प्रेमियों के लिए एक खास पेशकश है, जो न केवल स्वाद में अद्वितीय है, बल्कि स्थानीय खाद्य संस्कृति का भी परिचायक है.

## अगर कम करना चाहते हैं वजन तो खाएं डोसा





जब वजन घटाने की बात आती है, तो हम सभी अपने आहार में कुछ न कुछ बदलाव करते हैं. हम इस दौरान स्वस्थ आहार खाने की को. शिश करते हैं. लेकिन कई बार जब हम अपनी डाइट में इन जीचों का शामिल करते हैं तो यह इतनी स्वादिष्ट नहीं होती. लेकिन डोसा स्वस्थ और स्वादिष्ट दोनों है. प्लेन डोसा बहुत हेल्दी माना जाता है क्योंकि इसमें स्टफिंग नहीं होती है. स्वस्थ अनाज से बना डोसा वजन घटाने के लिए अच्छा माना जाता है.डोसा एक परफेक्ट ब्रेकफास्ट डिश है क्योंकि यह उड़द की दाल और चावल के साथ बनाया जाता है, जो शरीर के लिए अच्छे होते हैं. डोसा स्वस्थ कार्ब्स और प्रोटीन में समृद्ध है. इसे पारंपरिक तरीके से बनाने के अलावा, आप तंअं और ओट्स से भी डोसा बना सकते हैं. डोसा प्राकृतिक सामग्री के साथ तैयार किया जाता है. इस व्यंजन को पचाना भी आसान होता है.डोसा एक स्वादिष्ट और संतुलित व्यंजन होने के साथ–साथ कैलोरी में भी कम है. इसे नॉन–स्टिक बेस में बहुत कम तेल या घी के साथ तैयार किया जाता है, जो इसे और भी स्वस्थ बनाता है. यदि आप वजन कम करना चाहते हैं तो यह डिश आपकी बेहद मदद सकती है. इसमें कैलोरी कम होती है और इसका स्वाद भी बहुत अच्छा होता है.

डोसा बनाने के लिए हम जिन सामग्रियों का उपयोग करते हैं उनमें कैल्शियम और आयरन होता है और इसलिए यह हड्डियों के स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए बहुत अच्छा है. यह शरीर को मजबूत हड्डियों को विकसित करने में मदद करता है और शरीर को स्वस्थ और फिट रहने के लिए पर्याप्त ऊर्जा देता है. इसे पुदीने की चटनी के साथ खाया जा सकता है.

## डायबिटीज के कारण नहीं मारना पड़ेगा मन, ये 5 मिठाइयां करेंगी आपकी स्वीट क्रेविंग को शांत




दीवाली का त्योहार अब बेहद नजदीक आ चुका है। साल का यह समय बेहद खुशनुमा होता है, जिसका लोग बेसब्री से इंतजार करते हैं। इस दौरान पूरे देश में उत्सव का माहौल रहता है। रोशनी का यह पर्व हर साल काफी धूमधाम से मनाया जाता है। फेस्टिव सीजन के दौरान खानपान का भी अपना अलग मजा होता है। कई तरह के पकवान और ढेर सारी मिठाइयां अक्सर त्योहारों का मजा दोगुना कर देती हैं, लेकिन अगर आप डायबिटीज के मरीज हैं, तो फेस्टिव सीजन में अपना ध्यान रखना बेहद जरूरी है।डायबिटीज एक गंभीर बीमारी है, जिसका को इलाज नहीं है। इसे आ. मतौर पर खानपान और दवाओं की मदद से मैनेज किया जाता है। ऐसे में अक्सर फेस्टिव सीजन के दौरान अपने खानपान का खास ख्याल रखना पड़ता है, लेकिन ढेर सारी मिठाइयों को देख और त्योहार के सीजन में अक्सर खुद को कंट्रोल करना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में अगर आप भी एक डायबिटीज पेशेंट हैं, तो ये मिठाइयों के ये ऑप्शन ट्राई कर सकते हैं।बादाम के आटे से तैयार लड्डू डायबिटीज में काफी फायदेमंद साबित होंगे। बादाम ब्लड शुगर के लेवल को स्थिर करने में मदद करता है। ऐसे में आप बादाम के आटे, घी और स्टीविया या गुड़ जैसे नेचुरल स्वीटनर का उपयोग कर इन्हें आसानी से घर पर बना सकते हैं और फेस्टिव सीजन में अपनी मीठे की क्रेविंग को शांत कर सकते हैं।

**नारियल की बर्फी**
आप दीवाली के मौके पर स्वादिष्ट और हेल्दी नारियल की बर्फी भी ट्राई कर सकते हैं। बिना झंझट बनने वाली इस मिठाई को बनाने के लिए सूखे नारियल, कंडेंस्ड मिल्क और बेहद कम मीठे का इस्तेमाल किया जाता है। नारियल फाइबर और हेल्दी फैट से भरपूर होता है, जो शुगर अब्जॉर्प्शन को धीमा कर देता है।

**खजूर और नट्स के लड्डू**
खजूर नेचुरल शुगर का एक बेहतरीन विकल्प है, जो किसी भी डिश को ने. चुरल मिठास देता है। ऐसे में दीवाली के लिए खजूर और नट्स के लड्डू एक बढ़िया ऑप्शन साबित होंगे, जो पोषण से भरपूर होने की वजह से फायदेमंद भी होंगे। एनर्जी से भरपूर यह लड्डू रिफाइंड शुगर से बचाते हैं।

**गुड़ और सूजी का हलवा**



अगर आप परिवार में भी कोई डायबिटीज का मरीज है, तो दीवाली के मौके पर आप उनके लिए गुड़ और सूजी का हलवा बना सकते हैं। इसे बनाना बेहद आसान है, सामान्य तरीके से सूजी का हलवा बनाएं और इसमें चीनी की जगह गुड़ का इस्तेमाल करें। गुड़ का ग्लाइसे. मिक इंडेक्स कम होता है, जो ग्लूकोज कंट्रोल करने में मदद करता है।

**डार्क चॉकलेट मूस**डार्क चॉकलेट (कम से कम 70: कोको), कोकोनट क्रीम और वे. निला के मिश्रण से बना यह मूस कम कार्ब्स के साथ एक शानदार स्वाद प्रदान करता है। डार्क चॉकलेट में एंटीऑक्सीडेंट होते हैं और इसका ब्लड शुगर पर कम प्रभाव पड़ता है।

**आवश्यकता है**
हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिए जिला ब्यूरो चीफमंडल ब्यूरो चीफ ब्लाक ,ब्यूरो संवाददाता की आवश्यकता है।
सम्पर्क करें –
अमित कुमार वर्मा -संम्पाद
मो:- 8218049162,8273402499

जननायक सम्राट
हिन्दी साप्ताहिक
मालिक,मुद्रक, प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिंटिंगप्रेस,अचलताल अलीगढ़ से मुद्रितकराकर . कार्यालय सरोज नगर गली नम्बर 5,अलीगढ़ से प्रकाशित
सम्पादक-अमित कुमार वर्मा
सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायालय ही होगा